## कुछ ऐसी परियोजनाएं, जो अभी होनी चाहिए शुरु

- बिजली कटौती में सुधार होना चाहिए
- पेयजल समस्या लगातार बनी हुई है
- सड़कों का नेटवर्क बेहतर होना चाहिए
- मेट्रो फीडर बसों का इंतजाम

**शहर के विकास के लिए यह भी हो...**

- सिटी बस सर्विस होनी चाहिए। अलग-अलग सेक्टर के लोगों के लिए। मेन रोड पर भी चलें।
- शहर के नालों को ढकना जरूरी है। वातावरण में प्रदूषण बढ़ रहा है।

## नोएडा से ग्रेनो वेस्ट के बीच सफर आसान करेगी मेट्रो



नोएडा के सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क फाइव तक मेट्रो चलाने की योजना मंजूर हो चुकी है। इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट व डीपीआर भी बन चुकी है। आबादी को देखते हुए इसे दो चरणों में कर दिया गया है। पहले चरण में सेक्टर-71 से ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर दो तक मेट्रो प्रस्तावित की गई है। यह 9.155 किलोमीटर लंबा ट्रैक होगा। इसे बनाने में करीब 1521 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें ग्रेटर नोएडा को 235 करोड़ रुपये देने होंगे।

## 'निष्काम' दूर करेगा आवंटियों की मुश्किल

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सिस्टम (ईआरपी) के जरिए अपनी सभी सेवाओं को ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। इससे आवंटी का प्राधिकरण से जुड़ा कोई भी काम घर बैठे कंप्यूटर के जरिए ऑनलाइन हो सकेगा। इससे घूस लेकर काम करने की परिपाटी पर भी अंकुश लगेगा। इसे निष्काम' नाम दिया गया है। इसे बनाने का जिम्मा आईटी कंपनी टेक महिंद्रा को मिला है। इस साल के अंत तक यह पूरा हो जाएगा।

हरौला में सब्जी मार्केट और मीट मार्केट लगते हैं। स्थानीय निवासियों को इससे दिक्कत होती है। सब्जी मार्केट के लिए अलग से जगह होनी चाहिए। सेक्टर-9 का सुधार किया जाना चाहिए। वहां उद्योग लगाने के लिए प्लॉट काटा गया था।

– डीडी मिश्रा, पूर्व चेयरमैन नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण